प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में एक–दिवसीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा

विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में एक दिवसीय क्रिकेट एवं रस्सा–कसी प्रतिस्पर्धा का आयोजन स्टीवेंसन स्टेडियम में छात्र खेल समिति 'स्फूर्ति' (हिमांशु डिमरी, जयंत सिंह फर्सवान, तरुण कशनियाल, प्रवेन्द्र प्रताप सिंह, मुस्कान कुमारी, अर्चना ममगाइन, प्रतिष्ठा मुरारी) के सौजन्य से कराया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अधिष्ठाता, कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय डा. आर.एस. जादौन रहे। स्टाफ काउंसलर डा. स्नेहा दोहरे, डा. आशुतोष सिंह एवं डा. मुकेश पांडे संकाय सदस्य एवं डा. पूनम त्यागी उप निदेशक शारीरिक शिक्षा भी प्रतिस्पर्धा के दौरान उपस्थित रहे। सर्वप्रथम रस्साकसी पीजीपी–1 एवं पीजीपी–2 बालक–बालिका के मध्य हुआ जिसमें पीजीपी–2 बालक–बालिका विजेता रहे। तदोपरान्त पीजीपी–1 एवं पीजीपी–2 के मध्य क्रिकेट के खेल का आयोजन हुआ। जिसमें पीजीपी–2 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाए, जिसमें प्रियांशु सिंह (18), हिमांशु डिमरी (11 और 2 विकेट), रणवीर सिंह (1 विकेट), सत्यम कश्यप (1 विकेट) की मुख्य भागीदारी रही। द्वितीय बल्लेबाजी का मौका पीजीपी–1 को दिया गया, जिनके सामने 12 ओवर में 85 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया था। पीजीपी–1 ने बहुत ही खूबसूरत खेल प्रदर्शन कर 11 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाकर सात विकेट से जीत हासिल की, जिसमें ईशबजेठा व सौरभ कुमार यादव ने प्रति खिलाड़ी 36 रन बनाए, सत्यदेव (3 विकेट) एवं ईशबजेठा (3 विकेट) के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराते नजर आए। प्रतिस्पर्धा के उपरान्त विजेताओं को ट्रॉफी भी प्रदान की गयीं।

विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार